
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 203 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...** गहन सौदेबाजी



# पेज थ्री

देहरादून, सोमवार, 15 नवंबर 2021



मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 13.0° | 40243.39

2 ब्रह्मोस मिसाइल से बौखलाया चीन

7 आईसीसी वर्ल्डकप टीम सिलेक्शन पर बवाल

# प्रदेश की आर्थिकी का आधार बने ऊर्जा क्षेत्र

## यूजीवीएनएल ने वर्ष 2020-21 में अर्जित लाभांश के रूप में मुख्यमंत्री को सौंपी 25 करोड़ की धनराशि

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा ऊर्जा मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। यूजेवीएनएल को स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री ने ऊर्जा कर्मियों से प्रदेश को ऊर्जा प्रदेश बनाने में सहयोगी बनने तथा जल विद्युत योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाये जाने की अपेक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के समय राज्य के ऊर्जा क्षेत्र को आर्थिकी का आधार माना गया था किन्तु पिछले कुछ सालों में इस दिशा में प्रगति कुछ धीमी रह गई। हम इस दिशा में कैसे तेजी से आगे बढ़ सके, इस दिशा में प्रयास किये जाने होंगे। इस



दिशा में इस क्षेत्र से जुड़े अनुभवी लोगों का भी सहयोग लिये जाने की बात मुख्यमंत्री ने की। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिये किये जाने वाले प्रयासों के लिये हमें हर समय शिक्षार्थी बनना होगा। हमें अपने विभाग व संस्थानों की अच्छाई के साथ प्रगति की दिशा में बाधक बनने वाली समस्याओं के निराकरण पर भी ध्यान देना चाहिए। लक्ष्य प्राप्ति में कहां कमी रह गई इस पर भी चिन्तन की उन्होंने जरूरत बतायी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने दायित्वों के निर्वहन में सूर्य को अपना प्रेरणा स्त्रोत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री

### सरकार जीरो पेंडेसी पर विशेष ध्यान दे रही: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जीरो पेंडेसी पर विशेष ध्यान दे रही है। इसके लिये हर क्षेत्र के लिये सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण तीन मूल मंत्र निर्धारित किये गये हैं। कोई भी फाइल हो इसका निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर हो जाना चाहिए। इसका सभी को ध्यान रखना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक हमारा राज्य हर क्षेत्र में विकसित सक्षम व आदर्श राज्य बने इसके लिये भी हम सबको सहायोगी बनाना होगा।

नरेन्द्र मोदी ने राज्य के विकास का विजन दिया है। प्रधानमंत्री ने 21 वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खटीमा विद्युत गृह को बेस्ट परफार्मिंग पावर हाउस तथा व्यासी जल विद्युत परियोजना को बेस्ट अंडर कंस्ट्रक्शन परफार्मिंग प्रोजेक्ट का एवार्ड प्रदान करते हुए कहा कि खटीमा जल विद्युत गृह के लोहिया हेड से उनका नाता रहा है। बचपन में उसी क्षेत्र के स्कूल में उन्होंने पढ़ाई की है।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने ऊर्जा कर्मियों से ऊर्जावान बनने की अपेक्षा करते हुए कहा कि जहां अन्य निगम सरकार से मांगते हैं वहीं यूजेवीएनएल सरकार को देने वाला निगम है। इस अवसर पर अध्यक्षा यूजेवीएनएल राधा रतूड़ी, इलेक्ट्रिसिटी ओम्बड्समैन सुभाष कुमार, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल अनिल आदि उपस्थित थे।

### प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को भी नई ऊर्जा मिलेगी: ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास दिसम्बर में व्यासी परियोजना का लोकार्पण तथा लखवाड़ परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री के द्वारा कराये जाने का है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को युवा मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को भी नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने ऊर्जा को जीवन का भी हिस्सा बताया। उन्होंने निगम को ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े सपने देखने की सीख भी दी। प्रबंध निदेशक यूजेवीएनएल संदीप सिंघल ने यूजेवीएनएल के कार्यकलापों की जानकारी दी तथा मुख्यमंत्री को निगम के लाभांश का 25 करोड़ का चेक भेंट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### छह जिलों में आरेंज तो बाकी जिलों के लिए जारी हुआ येलो अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तिरुअनंतपुरम। भारतीय मौसम विभाग ने केरल के छह जिलों में बारिश का आरेंज अलर्ट और बाकी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। जिलों में मौसम विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है उनमें एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर, कोझीकोड, कन्नूर और कासरगोड शामिल हैं। आईएमडी के अनुसार, बारिश के लिए आरेंज अलर्ट 6 सेमी से 20 सेमी बारिश के बीच बहुत भारी बारिश को दर्शाता है।

### अमेरिका से 30 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अमेरिका के साथ सैन्य संबंधों को मजबूत करने की दिशा में भारत बड़ा कदम उठाने जा रहा है। तीनों सेनाओं के लिए 30 प्रीडेटर ड्रोन पर सोमवार को रक्षा मंत्रालय की बैठक होनी है। सूत्रों ने कहा कि भारत और अमेरिका इस सौदे पर दो साल से अधिक समय से बातचीत कर रहे हैं और यह अब मंजूरी के अंतिम चरण में है।

# भारत-नेपाल के मैत्री संबंधों को बढ़ाता है जौलजीवी मेला: सीएम

## सीएम ने किया प्रसिद्ध ऐतिहासिक, पारंम्परिक एवं व्यापारिक जौलजीवी मेले का शुभारंभ

**संवाददाता**

देहरादून/पिथौरागढ़। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को काली एवं गोरी नदी के संगम पर स्थित जौलजीवी में प्रसिद्ध ऐतिहासिक, पारंम्परिक एवं व्यापारिक जौलजीवी मेले का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेला हमारी बहुत बड़ी सांस्कृतिक धरोहर हैं। मेले धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देते हैं। जौलजीवी मेले को और अधिक विकसित एवं सुविधायुक्त बनाया जाएगा। जौलजीवी मेला भारत नेपाल के मैत्री संबंधों को भी बढ़ाता है। मेले हमारी धरोहर एवं संस्कृति के द्योतक हैं, उन्हें हमें आगे बढ़ाते हुए जीवित रखना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार




द्वारा विगत 4 महीनों में प्रदेश के हित में 400 से अधिक फैसले लिए हैं। इन सभी फैसलों का शासनादेश भी जारी हो चुके हैं। जो भी घोषणाएं की गई हैं उन्हें धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैंने इस भूमि में जन्म लिया है। मैं यहाँ जब भी आता हूँ, लोगों का अपार स्नेह मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित में सरकार ने अनेक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षकों का मानदेय 15 हजार से 25 हजार रुपए प्रतिमाह किया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय भी बढ़ाया गया है। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जा रहे हैं।

प्रदेश में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किये जाने हेतु महिला समूहों को आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान हेतु 3 से 5 लाख तक का ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज पर दिया जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप आज ये महिला समूह अन्य को भी रोजगार प्रदान कर रहे हैं।

# भूमिका और जिम्मेदारियों का हो सकता है पुनर्गठन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार अपने थिंक टैंक नीति आयोग के प्रदर्शन की समीक्षा कर रही है। सरकार यह पता लगाएगी कि क्या एजेंसी अपने उद्देश्यों को पूरा करने में सफल रही है या नहीं, जिसे छह साल पहले योजना आयोग की जगह बनाया गया था।

सूत्रों का कहना है कि यह समीक्षा प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के कहने पर की जा रही है। सूत्रों को ऐसा लग रहा है कि एजेंसी घोषित उद्देश्यों के अनुसार काम नहीं कर रहा है और इसकी भूमिका और जिम्मेदारियों को फिर से तय करने की जरूरत है ताकि यह देश में नीतिगत मामलों पर अधिक सक्रिय भूमिका निभा सके।

नीति इवोल्यूशनरी कमेटी नामक बाहरी विशेषज्ञों की एक टीम पहले से ही इसके कामकाज की समीक्षा कर रही है। इस समिति का नेतृत्व क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष आदिल जैनुलभाई कर रहे हैं, जिसमें बैन कैपिटल के एमडी अमित चंद्रा, अवाना कैपिटल की संस्थापक अंजलि बंसल, पूर्व दूरसंचार सचिव अरुणा सुंदरराजन, ग्लोबल एलायंस फार मास एंटरप्रेन्योरशिप के संस्थापक रवि वेंकटेशन और पर्यावरण सचिव इसके सदस्य हैं। सूत्रों ने कहा कि एक्सपर्ट पैनल ने नीति आयोग पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है जिसे आगे की कार्रवाई के लिए जल्द पीएमओ को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि पैनल नीति आयोग के लिए एक स्पष्ट जनादेश लेकर आया है, जिसमें कुछ अतिरिक्त कार्यों को जोड़ते हुए एजेंसी को कुछ गतिविधियों से रोकना शामिल है। पैनल यह भी चाहता है कि आयोग विभिन्न मामलों पर राज्यों के साथ जुड़ने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाए। सूत्रों ने कहा कि सुझाव का मकसद नीति आयोग की क्षमताओं को बढ़ाने का है ताकि राज्यो के साथ व्यापक संवाद आयोजित किया जा सके।

**समीक्षा**

■ केंद्र सरकार कर रही नीति आयोग के काम की समीक्षा


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**

All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**

1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**

A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:

**Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# प्रदेश में 29 नए कोरोना मरीज मिले

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में रविवार को 29 नए कोरोना मरीज मिले। पिछले 24 घंटों में 10 मरीजों को ठीक होने के बाद घर भेजा गया है। अब राज्य में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 177 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, रविवार को आठ जिलों बागेश्वर, चमोली, चंपावत, पौड़ी, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टिहरी और ऊधमसिंह नगर जिले में एक भी संक्रमित मरीज नहीं मिला है। वहीं, अल्मोड़ा में छह, उत्तरकाशी जिले में एक, देहरादून में 18, नैनीताल और हरिद्वार में दो-दो संक्रमित मरीज मिले हैं। प्रदेश में अब तक कोरोना के कुल संक्रमितों की संख्या 344043 हो गई है। इनमें से 330304 लोग ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के चलते अब तक कुल 7403 लोगों की जान जा चुकी है। प्रदेश की रिकवरी दर 96.01 प्रतिशत और संक्रमण दर 0.29 प्रतिशत दर्ज की गई है। रविवार को जनपद में कोरोना के तीन नए मरीज मिले। किसी मरीज की मौत नहीं हुई। सीएमओ डॉ. कुमार खगेंद्र ने बताया कि अधिकृत अस्पतालों में दो मरीज भर्ती है।

**रविवार को देहरादून में कोरोना के तीन नए मरीज मिले**